Std. IV . Hindi Lit.

L - 12. डिज़नीलैंड

शब्दार्थ

अनूठा -- अनोखा

परिणाम -- नतीजा

विश्व -- संसार

मायावी -- जादुई

सामान्य -- साधारण

प्रवेश पाना -- अंदर जाना

प्रश्न और उत्तर

प्रश्न 1. डिज़नीलैंड कहाँ स्थित है ?

उत्तर -- डिज़नीलैंड अमेरिका के कैलिफ़ोर्निया प्रांत (राज्य) में स्थित है ।

प्रश्न 2. वॉल्ट डिज़नी को यह पार्क बनाने का विचार कब आया ?

उत्तर - वाॅल्ट डिज़नी को डिज़नीलैंड बनाने का विचार तब आया जब वह अपनी बेटियों डायना तथा शेराॅन के साथ ग्रिफ़िथ पार्क घूमने गये थे ।

प्रश्न 3. 'टून टाउन' क्यों प्रसिद्ध है ?

उत्तर - 'टून टाउन 'में मिकी और मिनी का सुंदर चीज़ों से भरा विशाल व आकर्षक घर है इसलिए यह प्रसिद्ध है ।

प्रश्न 4. यह पत्र किसने किसे लिखा है ?

उत्तर - यह पत्र आकाश के चाचाजी ने आकाश को लिखा है।

प्रश्न 5. डिज़नीलैंड की सैर का कार्यक्रम कैसे और क्यों बना ?

उत्तर - भारत से वापस अमेरिका जाने पर लेखक को अपने परिवार की बहुत याद आ रही थी जिससे वे बहुत उदास रहने लगे थे । लेखक की उदासी को दूर करने के लिए उनके सभी दोस्तों ने मिलकर डिज़नीलैंड जाने का कार्यक्रम बनाया ।

प्रश्न 6. डिज़नीलैंड में आप क्या-क्या देखना चाहेंगे ? पाठ पढ़ कर लिखिए ।

उत्तर -- डिज़्नीलैंड में मैं 'टून टाउन' , ' विनी द पू ' , 'एलिस इन वंडरलैंड' ,  'टुमॉरोलैंड' तथा 'टिगर' की हँसाने वाली उछलकूद व सिंडरेला , बेल्ला , स्नोवाइट और एरियल को देखना चाहूँगा ।इसके साथ-साथ मैं 'रोलर कोस्टर' की डरावनी तथा 'इट्स ए स्मॉल वर्ल्ड' की आनंददायक यात्रा भी करना चाहूँगा ।

प्रश्न 7. दुनिया का पहला डिज़्नीलैंड किस देश में बना ?

उत्तर- दुनिया का पहला डिज़्नीलैंड अमेरिका में बना।

प्रश्न 8.आम जनता के मनोरंजन के लिए डिज़्नीलैंड कब खोला गया  ?

उत्तर - आम जनता के मनोरंजन के लिए डिज़्नीलैंड 18 जुलाई 1955 को खोला गया ।

प्रश्न 9.आनेवाले कल के रहस्यों से भरी रोमांचक दुनिया में प्रवेश करने का अवसर कौन प्रदान करता है ?

उत्तर -- आनेवाले कल के रहस्यों से भरी रोमांचक दुनिया में प्रवेश करने का अवसर 'टुमारोलैंड' प्रदान करता है ।

भाषा संसार

प्रश्न 1. इन संज्ञा शब्दों के लिए उचित विशेषण शब्द लिखिए ।

विशेषण      संज्ञा

मधुर      स्मृति

जादुई      दुनिया

सुंदर      घर

नटखट      बच्चे

आनंददायक      यात्रा

प्रश्न 2. इन शब्दों को शुद्ध करके लिखिए ।

निमाण -- निर्माण

पवेश -- प्रवेश

केन्द -- केन्द्र

दशन -- दर्शन

पतीक्षा -- प्रतीक्षा

आकषक -- आकर्षक

प्रश्न 3.रेखांकित शब्दों के साथ 'ने' जोड़कर वाक्य बनाएँ ।

(क) मुझे तुम्हारी याद आई ।

-----

उत्तर- मैंने तुम्हें याद किया ।

(ख) यह यात्रा पूरे विश्व के दर्शन

------ कराएगी ।

उत्तर - इस यात्रा ने पूरे विश्व के दर्शन कराये ।

(घ) मैं डिज़नीलैंड के कुछ फ़ोटो

---- भेजूँगा ।

उत्तर - मैंने डिज़नीलैंड के कुछ फ़ोटो भेजे।